Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

**Panna Tiger Reserve**

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** dirpannaNP@mpforest.org **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

# izsl uksV

## oU; izk.kh lqj{k.k lIrkg 2015 dk lekiu lekjksg lEiUu






वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2015 पूरे भारत में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमांक में विद्यालय स्तर पर निबन्ध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं जन सामान्य की जागरूकता के लिए कठपुतली नृत्य एवं वन्यप्राणियों से सम्बन्धित चलचित्रों का प्रदर्शन किया गया। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2015 का समापन समारोह श्री महेन्द्र सिंह बागरी, विधायक, विधान सभा गुनौर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री लोकेन्द्र सिंह भूतपूर्व विधायक एवं सांसद पन्ना की अध्यक्षता में ~~में~~ शासकीय रुद्र प्रताप उत्कृष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री सतानन्द गौतम, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, श्री हनुमंत सिंह, भूतपूर्व सदस्य राज्य वन्यप्राणी सलाहकार बोर्ड, वरिष्ठ पत्रकार श्री अरुण सिंह, श्री देवीदत्त चतुर्वेदी, सेवा निवृत्त शिक्षक एवं रिसोर्स परसन पन्ना नेचर कैम्प, श्री आलोक कुमार क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, श्री संजय श्रीवास्तव, वन मण्डलाधिकारी उत्तर पन्ना वन मण्डल, डा0 अनुपम सहाय उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, श्रीमती भारती खरे प्राचार्या शासकीय रुद्र प्रताप उत्कृष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना एवं अन्य वनाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

"जय हिन्द"

दिनांक – 08.10.2015

8/10/2015

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना

C:\Users\u